# भारत सरकार
# सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
# लोक सभा

**तारांकित प्रश्न संख्याः 28***
**उत्तर देने की तारीखः 22.07.2025**

**'नमस्ते' योजना**

***28. श्री बलभद्र माझी:**
**श्रीमती अपराजिता सारंगी:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई (नमस्ते) योजना के अंतर्गत प्राप्त की गई प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वच्छता कर्मियों और उनके परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए आयुष्मान कार्डों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार उक्त योजना के कार्यान्वयन की विस्तृत स्थिति क्या है?

## उत्तर
## सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
## (डॉ. वीरेन्द्र कुमार)

**(क) से (ग):** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**"नमस्ते योजना" के संबंध में श्री बलभद्र माझी और श्रीमती अपराजिता सारंगी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 28, जिसका उत्तर दिनांक 22.07.2025 को दिए जाने के लिए नियत है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क) और (ख):** राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्ययोजना (नमस्ते), सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्ल्यू) के कल्याण के लिए केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है। नमस्ते योजना जुलाई, 2023 में शुरू की गई है। कचरा बीनने वालों को जून, 2024 में इस योजना के अंतर्गत एक लक्षित समूह के रूप में जोड़ा गया है।

नमस्ते योजना में अभिज्ञात लाभार्थियों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया जाता है।

नमस्ते योजना के अंतर्गत हासिल मुख्य-मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:-

- 84,902 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्ल्यू) को अधिप्रमाणित किया गया है।
- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एसएसडब्ल्यू के लिए 45,871 पीपीई किट और आपातकालीन रिस्पांस स्वच्छता इकाइयों के लिए 354 सुरक्षा उपकरण किट जारी किए गए हैं।
- आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई और राज्य स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 54,140 लाभार्थियों को कवर किया गया है।
- स्वच्छता संबंधी परियोजनाओं के लिए 707 सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों को 20.36 करोड़ रुपये की पूंजीगत सब्सिडी जारी की गई।
- सीवर और सेप्टिक टैंकों की जोखिमपूर्ण सफाई की रोकथाम पर 1089 कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

इसके अलावा, देश भर के विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 37,980 कचरा बीनने वालों को अधिप्रमाणित किया गया है।

**(ग):** राज्यों में 79,759 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्ल्यू) को अधिप्रमाणित किया गया है और संघ राज्य क्षेत्रों में 5,143 एसएसडब्ल्यू को अधिप्रमाणित किया गया है। नमस्ते योजना के कार्यान्वयन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार स्थिति **संलग्नक** में दी गई है।

इसके अलावा, सीधी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 66 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्ल्यू) को अधिप्रमाणित किया गया है। 50 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों के लिए पीपीई किट जारी किए गए हैं, दो आपातकालीन स्वच्छता रिस्पांस इकाइयों (ईआरएसयू) को संरक्षा उपकरण और 53 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा जारी किए गए हैं।

संलग्नक

**नमस्ते योजना के संबंध में 22.07.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न सं. 28 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

**नमस्ते योजना के कार्यान्वयन की राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार स्थिति**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | अधिप्रमाणित एसएसडब्ल्यू | सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्ल्यू) को पीपीई किट | ईआरएसयू को प्रेषित सुरक्षा उपकरण | पीएमजेएवाई, नमस्ते और राज्य स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थी | एसयूवाई योजना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 60 | 40 | 1 | 48 | |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3992 | 2124 | 25 | 3422 | 555 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 86 | 86 | 2 | 56 | |
| 4 | असम | 450 | 308 | 31 | 297 | |
| 5 | बिहार | 3310 | 2626 | 22 | 2603 | 1 |
| 6 | चंडीगढ़ | 253 | 252 | 1 | 232 | |
| 7 | छत्तीसगढ | 1465 | 634 | 21 | 1210 | |
| 8 | दादरा नगर हवेली और दमन दीव | 116 | 116 | 0 | 97 | |
| 9 | दिल्ली | 3645 | 135 | 0 | 1046 | |
| 10 | गोवा | 249 | 93 | 2 | 154 | |
| 11 | गुजरात | 5470 | 4295 | 17 | 2236 | 20 |
| 12 | हरियाणा | 2627 | 2193 | 0 | 1747 | 4 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 414 | 180 | 0 | 301 | |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 719 | 700 | 2 | 566 | |
| 15 | झारखंड | 1102 | 707 | 11 | 679 | |
| 16 | कर्नाटक | 6360 | 667 | 19 | 3695 | |
| 17 | केरल | 1755 | 1589 | 14 | 1282 | |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | अधिप्रमाणित एसएसडब्ल्यू | सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसड ब्ल्यू) को पीपीई किट | ईआरएसयू को प्रेषित सुरक्षा उपकरण | पीएमजेएवाई, नमस्ते और राज्य स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थी | एसयूवाई योजना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | लद्दाख | 21 | 21 | 2 | 17 | |
| 19 | लक्षद्वीप | 86 | 86 | 0 | 81 | |
| 20 | मध्य प्रदेश | 3337 | 1908 | 24 | 1980 | 43 |
| 21 | महाराष्ट्र | 8297 | 7135 | 32 | 3599 | |
| 22 | मणिपुर | 175 | 110 | 1 | 159 | |
| 23 | मेघालय | 108 | | 0 | 77 | |
| 24 | मिजोरम | 140 | 140 | 0 | 43 | |
| 25 | नागालैंड | 105 | 10 | 4 | 80 | |
| 26 | ओडिशा | 1295 | * | 0 | 0 | |
| 27 | पुदुचेरी | 243 | 242 | 2 | 205 | |
| 28 | पंजाब | 4336 | 4407 | 11 | 3139 | |
| 29 | राजस्थान | 3867 | 3299 | 21 | 1383 | 7 |
| 30 | सिक्किम | 107 | 95 | 5 | 94 | |
| 31 | तमिलनाडु | 6975 | | 0 | 6975 | 44 |
| 32 | तेलंगाना | 3719 | 1198 | 15 | 2214 | 7 |
| 33 | त्रिपुरा | 350 | 110 | 8 | 232 | |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 11969 | 10092 | 55 | 6689 | 26 |
| 35 | उत्तराखंड | 628 | 119 | 6 | 503 | |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 7071 | 154 | 0 | 6999 | |
| | **सकल योग** | **84902** | **45871** | **354** | **54140** | **707** |

* सभी 1295 एसएसडब्ल्यू को राज्य की गरिमा योजना के अंतर्गत पीपीई किट दिए गए हैं।

******